भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

24.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 5146 का उत्तर

रैक परिचालन संबंधी शर्तें

5146. श्री अनुभव मोहंतीः
श्री पिनाकी मिश्रा:
क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि उर्वरकों की ढुलाई करने वाले रैक विभिन्न प्रकार के शर्तों के अध्यधीन हैं और इनको रास्ते में बार-बार रोका जाता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या ओडिशा राज्य के लिए उर्वरकों के परिचालन हेतु रैकों की पर्याप्त संख्या प्रदान नहीं की जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या खरीफ मौसम को ध्यान में रखकर सरकार तत्संबंधी किसानों के लाभार्थ ओडिशा को उर्वरकों के परिचालन के लिए पर्याप्त संख्या में रैक आबंटित करेगी और यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि उर्वरकों के परिचालन के लिए ओडिशा राज्य के लिए बुक किए गए रैकों पर अनावश्यक प्रतिबंध न लगाए जाएं और रास्ते में नहीं रोके जाएं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख): जी नहीं।

(ग) और (घ): समूचे भारत में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का रेलों का प्रयास रहता है और इसके लिए राज्यों तथा संघ शासित प्रदेशों द्वारा मांग के अनुसार विभिन्न क्षेत्रीय रेलों को पर्याप्त संख्या में रेक आवंटित किए जाते हैं। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, उर्वरक विभाग, भारत सरकार द्वारा राज्यों में उर्वरकों की मांग का पता लगाने के लिए प्रत्येक राज्य और संघ शासित प्रदेश के साथ आवधिक विडियों कॉन्फ्रेन्सिंग की जाती है।

mm

राज्य (समानुपातिक आधार) में सभी उर्वरकों की आवश्यकता 4.42 एलएमटी है और आज की तारीख में सभी उर्वरकों की उपलब्धता 5.17 एलएमटी (01.04.2019 से 23.07.2019 तक) है। उपलब्ध आंकड़े दर्शाते हैं कि आवश्यकतानुसार, राज्य को समय से पर्याप्त रूप में उर्वरक उपलब्ध कराए गए थे।

राज्य के भीतर अथवा उसके निकट स्थित संयंत्र एवं पोर्टों से लगभग 80% उर्वरक रेलवे रेकों के जरिए और 20% सड़क द्वारा ले जाया जाता है। इस चरण में ओडिशा राज्य में ले जाए गए कुल उर्वरक रेक 139 हैं। ओडिशा राज्य में उर्वरकों की सुगम उपलब्धता रेकों की समय पर उपलब्धता पर निर्भर करता है (आवश्यकतानुसार)।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

****

mm